प्रैस नोट

विक्की चौहान के संग झूमा उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र

आज दिनांक 10.08.2019 को स्वर्ण जयन्ती समारोह का दूसरा दिन रहा इस समारोह में प्रो. अतर सिंह चन्देल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की जो कि इस महाविद्यालय के प्रथम बेच 1969 के छात्र थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चन्द्र भान मेहता ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

समारोह का आगाज़ हिमाचल के लोकप्रिय पहाड़ी गायक जो कि इस महाविद्यालय के पूर्व छात्र भी रहे विक्की चौहान ने किया। उन्होने अपनी प्रस्तुति चिर परिचित अंदाज़ में 'चम–चामन्दे तेरे दांदढू बाठणें, मेरे ज़ियो दी रोही बोसी' से शुरू किया, महाविद्यालय के छात्र खुद को रोक न पाए और विक्की चौहान के गानों में नाचना शुरू किया, सभागार चौहान के गानों से झूम उठा। विक्की चौहान ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया, समारोह में श्री सुरेन्द्र माल्टू (जर्नल मेनेजर एच.पी.एम.सी. शिमला), श्री प्रदीप गुप्ता, सेवानिवृत प्राचार्य जय कृष्ण, श्री. पी.पी. शर्मा (पूर्व छात्र) 1971 और अन्य गणमानीय अथिति उपस्थित रहें। महाविद्यालय के शिक्षक प्रो. भारती भागड़ा, डॉ.रूप लाल शर्मा, डॉ. सरिता शारदा, श्री. चरणजी लाल धर्मा, डॉ. रविन्द्र चौहान, श्री. सुरेन्द्र शर्मा, अधीक्षक अनिल कुमार चौहान व श्री नन्द लाल वर्मा आदि उपस्थित रहे।